आप की ख़बर

एसएमएस लखनऊ में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया गया

World Intellectual Property Day celebrated at SMS Lucknow

By Prem KumarUpdated: Apr 26, 2024, 21:34 IST

उत्तर प्रदेश डेस्क लखनऊ (आर एल पाण्डेय)। बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के महत्व और उनकी सुरक्षा के तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ के परिसर में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया गया।

इस शुभ दिन पर, श्री गौरव कृष्णन, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर मुख्यालय, नई दिल्ली ने ऑनलाइन मोड के माध्यम से "पेटेंटिंग: इंजीनियरिंग से संबंधित आविष्कार का एक सिंहावलोकन" पर व्याख्यान दिया। सत्र में श्री गौरव कृष्णन ने बौद्धिकता के विभिन्न रूपों में संपत्ति की सुरक्षा और उनका महत्व पर प्रकाश डाला।

एसएमएस लखनऊ के सीईओ शरद सिंह ने भी सभी सदस्यों को अपने शोध और आविष्कारों को पेटेंट कराने के लिए प्रेरित किया। सत्र की शुरुआत महानिदेशक तकनीकी एसएमएस , लखनऊ प्रोफेसर (डॉ.) भरत राज सिंह के स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने आईपी और एसडीजी थीम के बारे में भी अपने विचार प्रस्तुत किया।

सत्र में एसोसिएट डायरेक्टर (डॉ.) धर्मेंद्र सिंह, डीन इंजीनियरिंग डॉ.हेमंत कुमार सिंह, डीन सोशल वेलफेयर डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह तथा सभी संकायों के एचओडी ने सत्र में ऑनलाइन और व्यक्तिगत रूप से कुल 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

---

https://aapkikhabar.com/news/world-intellectual-property-day-celebrated-at-sms-lucknow/cid14237459.htm